**प्रतियोगिता** अंतर जिला सीनियर बालक वर्ग 'टी-20' क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 का फाइनल मुकाबला

# जबलपुर बना चैंपियन, कटनी को 76 रनों से हराया





**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर बालक वर्ग 'टी-20' क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के फाइनल मुकाबले में जबलपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कटनी जिले को 76 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। 20 फरवरी को खेले गए इस मुकाबले में जबलपुर ने एकतरफा जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता साबित की।

### पहले बल्लेबाजी में जबलपुर का दमदार प्रदर्शन

टॉस जीतकर कटनी ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जबलपुर ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 200 रन बनाए। टीम की ओर से कप्तान कमल त्रिपाठी (48), अलंकृत सिंह (49), निखिल सिंह (27), आदित्य मिश्रा (17) और वरुण तिवारी (18) ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। कटनी की ओर से अक्षत त्रिपाठी ने 3 विकेट, राजा खान ने 2 विकेट तथा सूजल खरे और अमित सिंह ने 1-1 विकेट प्राप्त किया।

### गेंदबाजों ने दिलाई ऐतिहासिक जीत

201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कटनी की टीम 18.1 ओवरों में 124 रन पर सिमट गई। अयाज अनवर (39), आकाश त्रिपाठी (28) और अर्थव जोशी (24) ने संघर्षपूर्ण पारियां खेलीं, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। जबलपुर की ओर से कप्तान कमल त्रिपाठी ने 3 विकेट लेकर ऑलराउंड प्रदर्शन किया, जबकि पारूष मंडल, रितेश शाक्य और निखिल सिंह ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

### विजेता टीम को दी गई ट्रॉफी

विजेता टीम को ट्रॉफी एमपीसीए के ऑब्जर्वर शांतनु त्रिपाठी एवं संघ के सचिव सुशील रजक द्वारा कप्तान कमल त्रिपाठी को प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन पवन सिंधिया ने किया। मैच में अंपायर की भूमिका अमित यादव एवं प्रतीक खरे ने निभाई, जबकि स्कोरर सचिन साहू रहे। इस अवसर पर चयनकर्ता प्रशांत द्विवेदी, गोपाल दत्त जोशी एवं कोच असद खान भी उपस्थित रहे। जबलपुर की इस शानदार जीत से संभाग में हर्ष का माहौल है।



# नशा आज समाज के लिए बनी गंभीर समस्या : डॉ. बिन्दु शर्मा

▸ ग्राम पंचायत घाना में नशा मुक्ति अभियान में छात्राओं को किया जागरूक

**नवभारत, जबलपुर।** ग्राम पंचायत घाना में सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन प्रभात फेरी और व्यायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय कन्या महाविद्यालय राँझी, जबलपुर से आई प्रभारी प्राचार्य डॉ. वीना श्रीवास्तव ने स्वयं सेविकाओं और छात्राओं को नशा मुक्ति के महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ. बिन्दु शर्मा ने बताया कि नशा आज समाज के लिए गंभीर समस्या बन गया है। वहीं, डॉ. माधुरी सिंह ने नशा मुक्ति रैली का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में डॉ. रेणु बाला घई, डॉ. दिपेन्द्र यादव, डॉ. विभा पाण्डे, और संतोष विश्वकर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और आभार डॉ. माधुरी सिंह ने व्यक्त किया।

# जीरो वेस्ट आयोजन के साथ स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण-सम्मान

▸ 200 से अधिक मित्रों की हुई जांच



**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन और विशेष उपस्थिति में शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने वाले अपने असली नायकों, स्वच्छता मित्रोंकी सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए जबलपुर नगर निगम द्वारा अल्ट्रा सफाई समिति के सहयोग से एक गरिमामय 'स्वास्थ्य एवं सुरक्षा शिविर' का आयोजन किया गया। संभाग क्रमांक 06 के मनमोहन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम की सबसे खास बात इसकी 'जीरो वेस्ट' कार्यप्रणाली रही, जिसने पर्यावरण संरक्षण का एक नया मानक पेश किया। इस विशेष शिविर में 200 से अधिक स्वच्छता मित्रों का प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम द्वारा गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच के तुरंत बाद उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और निगम के उच्च अधिकारियों ने सफाई मित्रों के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र और सुरक्षा किट प्रदान कर सम्मानित किया।

### आयोजन पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार और स्वास्थ्य प्रभारी रजनी कैलाश साहू के मार्गदर्शन में यह आयोजन पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रहा। निगमायुक्त ने बताया कि शिविर में प्लास्टिक, डिस्पोजल, प्लेट या पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह वर्जित रहा। आयोजन स्थल पर ही कचरे के तत्काल प्रसंस्करण की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, ब्रांड एम्बेसडर मधु यादव, आराध्य तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मंदिरों के फूलों से महकेगी होली



**नगर निगम का 'वेस्ट टू वेल्थ' नवाचार**

**नवभारत, जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम ने स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को साकार करते हुए निगम अब मंदिरों से निकलने वाले श्रद्धा के फूलों (वेस्ट फ्लॉवर्स) को फेंकने के बजाय उनसे शुद्ध और स्वदेशी गुलाल तैयार कर रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि इस बार की होली में रासायनिक रंगों के बजाय, शहरवासी मंदिरों के गुलाब और गेंदे से बने प्राकृतिक गुलाल से सराबोर होंगे। निगमायुक्त के अनुसार इस 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की रैंकिंग में नगर निगम को मजबूती मिलेगी।

### स्वदेशी प्लांट का निरीक्षण

निगमायुक्त ने बल्देबाग स्थित स्वदेशी प्लांट का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने फूलों से गुलाल बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया और टीम को निर्देश दिए कि आगामी होली के त्योहार को देखते हुए तैयारियों में तेजी लाई जाए। उन्होंने जोर दिया कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो ताकि नागरिकों को बेहतरीन और त्वचा के लिए सुरक्षित गुलाल मिल सके। इस दौरान निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शहर के विभिन्न मंदिरों से प्रतिदिन एकत्रित होने वाले फूलों का सदुपयोग हो रहा है। रसायनों से मुक्त, पूरी तरह से प्राकृतिक और हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है। निगम की इस पहल से स्थानीय स्तर पर लोगों को काम मिल रहा है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक प्रयास है।

# दो महीने तक बिना अनुमति किसी भी आयोजन पर रोक

**नवभारत, जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने त्यौहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर अगले दो माह तक प्रभावी रहेगा। आदेश के तहत प्रशासनिक अनुमति के बिना किसी भी प्रकार के आयोजन निषिद्ध होंगे। विशेष रूप से दो-पहिया वाहन रैली और डीजे का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन अनिवार्य होगा, और आपत्तिजनक नारे या गाने बजाने पर आयोजकों व डीजे प्रोवाइडर के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त पशुओं को सड़कों पर न छोड़ने और न लाने की चेतावनी, होटल, लॉज, धर्मशाला में ठहरने वालों की पहचान पत्र सूची थाने को अनिवार्य रूप से देना, पेट्रोल पंप पर खुले ज्वलनशील पदार्थों का विक्रय निषिद्ध, अवैध तम्बाकू, ई-सिगरेट और प्रतिबंधित पदार्थों का उपयोग व बिक्री रोक, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या साम्प्रदायिक संदेशों का प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 समेत अन्य प्रावधानों के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# वित्तीय वर्ष में किया 508 .08 मिलियन यूनिट उत्पादन

▸ जल विद्युत गृह बरगी ने 39 दिन पहले पूरा किया लक्ष्य



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का 508.08 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य 39 दिन पूर्व ही पूरा कर दिखाया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने कहा की 90 मेगावाट क्षमता वाले बरगी जल विद्युत गृह का प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर 93 प्रतिशत रहा। फोर्स्ड आउटेज केवल 0.81 प्रतिशत और नियोजित आउटेज 4.47 प्रतिशत दर्ज किया गया। यह सफलता कुशल संचालन, तकनीकी दक्षता और मजबूत अनुरक्षण का परिणाम है। प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अभियंताओं और कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि समयपूर्व लक्ष्य प्राप्ति हमारी कार्यसंस्कृति का प्रतीक बनती जा रही है। यह सफलता सुविचारित निर्णय, समयबद्ध तकनीकी हस्तक्षेप और टीमवर्क का परिणाम है।

### दोनों यूनिट ने किया योगदान

38 वर्षीय बरगी जल विद्युत गृह की दोनों यूनिट ने कुल 12,130 घंटे संचालन कर लक्ष्य पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहली यूनिट ने 254.89 मिलियन यूनिट और दूसरी ने 253.19 मिलियन यूनिट उत्पादन किया।

### पिछले वर्ष की उपलब्धि भी समान

बरगी जल विद्युत गृह की दोनों यूनिट 1988 में क्रियाशील हुई थीं। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी लक्ष्य से अधिक विद्युत उत्पादन कर 509 मिलियन यूनिट हासिल की थी।



# छुल्लक श्री तत्वार्थ सागर जी का समाधि मरण

**नवभारत, जबलपुर।** आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज एवं आचार्य श्री 108 समयसागर जी महामुनिराज के शिष्य संस्कारधानी जबलपुर के नगर गौरव छुल्लक श्री तत्वार्थ सागर जी का परोला जलगांव में समतापूर्वक समाधि मरण हो गया है। आप मुनिवर श्री अक्षय सागर महाराज जी के संघस्थ साधनारत थे। क्षुल्लक श्री की समाधि पर लायन नरेन्द्र जैन, जैन नवयुवक सभा पूर्व अध्यक्ष अखिलेश जैन, लार्डगंज ट्रस्ट के राकेश कौशल, अरुण वकील, सतीश जैन नेता आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पांढुर्णा प्रवास पर जिला प्रभारी बैनर्जी ने दी संगठन को नई ऊर्जा

▸ समर्पण अभियान में 2.50 लाख का चैक प्राप्त



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पांढुर्णा जिला प्रभारी दीपांकर बैनर्जी ने शुक्रवार को एक दिवसीय पांढुर्णा-सौसर प्रवास के दौरान संगठनात्मक बैठकों में भाग लेकर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर दिशा-निर्देश दिए।

प्रवास के दौरान उन्होंने जांमसावली हनुमान मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा पूर्व राज्यमंत्री नाना भाऊ मोहोड से सौजन्य भेंट की। इसके पश्चात भाजपा सौसर कार्यालय में विधानसभा अंतर्गत मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से परिचयात्मक बैठक की। बैठक में जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने बैनर्जी का परिचय कराते हुए उनके परिवार की संगठन के प्रति निष्ठा को प्रेरणादायक बताया। पूर्व जिला अध्यक्ष वैशाली महाले ने भी उनके संघर्षों का उल्लेख किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रीतम राउत, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्यामराव ठाकरे, प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रवास के दौरान जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय समर्पण अभियान अंतर्गत 2.50 रुपए लाख की राशि का चैक भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन सोमेश्वर लोनकर तथा आभार प्रदर्शन प्रकाश छगानी ने किया।

### एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों की बैठक आज

**नवभारत, जबलपुर।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज शनिवार 21 फरवरी को जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। इस अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ज्योति परस्ते ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से बैठक में मौजूद रहने का आग्रह किया है।


**नाम सुधार सूचना**

मेरा नाम अमरजीत सिंह कुलार पिता श्री मोहिंदर सिंह कुलार पत्नि श्रीमती जसमेल कौर कुलार एवं माता गुरदयाल कौर कुलार निवासी- प्लॉट नं.237, 238 फेस-2 जसूजा सिटी, धनवंतरी नगर, जबलपुर (म.प्र.) का शपथपूर्वक निम्न लिखित कथन करता हूँ कि:-यह कि मेरा नाम अमरजीत सिंह एवं मेरे पिता का नाम मोहिंदर सिंह एवं माता का नाम गुरदयाल कौर एवं पत्नि का नाम जसमेल कौर दर्ज है। जो कि गलत है अतः भविष्य में शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों में सही नाम अमरजीत सिंह कुलार एवं मेरे पिता का नाम मोहिंदर सिंह कुलार एवं माता का नाम गुरदयाल कौर कुलार एवं पत्नि का नाम जसमेल कौर कुलार दर्ज किया जावे एवं जाना, पहचाना जाये।

| Old Name- | New Name- |
|---|---|
| 1. Amarjeet Singh | 1. Amarjeet Singh Kular |
| 2. Mohinder Singh | 2. Mohinder Singh Kular |
| 3. Gurdayal Kaur | 3. Gurdayal Kaur Kular |
| 4. Jasmail Kaur | 4. Jasmail Kaur Kular |


# शिक्षक के सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात पार

**नवभारत, जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत नर्मदा कॉलोनी में एक शिक्षक के सूने मकान के मेन गेट और अंदर के दरवाजों का ताला तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात सहित जरूरी सरकारी दस्तावेजों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के मुताबिक वार्ड नंबर 09, नर्मदा कॉलोनी निवासी रवि राय ने बताया कि वह मूलत: दमोह जिले के रहने वाले हैं और शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वे 16 फरवरी को सगाई के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सपरिवार कटनी गए हुए थे। शिक्षक रवि राय जब सुबह करीब 6 बजे अपने घर लौटा तो उन्हें मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर लकड़ी के दरवाजे का ताला भी टूटा था और कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि अलमारी का दरवाजा खुला था। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने अलमारी में रखे सोने के टॉप्स बच्चों की चांदी की पायल, चांदी के बर्तन और सबसे महत्वपूर्ण रूप से स्कूल का कैश बुक और लेजर रजिस्टर चोरी कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**निविदा सूचना** (1st Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | न.नि.ज./प्रकाश/2025-26/43/पी.आर.ओ./898 दिनांक 20/02/2026 | Servicing, Repairing & Rewinding work of Window/Desert Cooler & Fan at JMC Offices Jabalpur. | 06 माह एवं 1283087/- | 2,000/- एवं 9629/- | 23/03/2026 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)**
**नगर पालिक निगम, जबलपुर**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी- नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

प्रकाशन क्र. 018/2025-26 दिनांक : 12/02/2026

म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यो की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखें जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार-

| सं. क्र. | निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | ऑन लाइन निविदा क्रय/प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 018/ 12.02.2026 | 2026_PHED_482005_1 | Balance Work of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at different Villages of **block- Gotegaon** Distt. Narsinghpur based on Tube wells including installation of electric submersible/centrifugal water motor pump, ,laying & jointing of distribution pipe line system, household tap connection, construction of pump house and electric power connections including cost of all material & labour ETC COMP **(1st Call)** | 16.61 | 33220.00 | 2000.00 | 27.02.2026 | 180 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

जी-G26095/25 | स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता | कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-नरसिंहपुर



**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.), संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)-482056**

E-mail ID : eeemdv2bargidam@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑनलाईन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम प्रोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू.में) | धरोहर राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 153/तक. 2025-26 दिनांक 09/02/2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-482770_1 | बरगी हिल्स स्थित आवासियों कॉलोनी में मेन रोड बेरियर पर स्थित 6" डाया सी.आई. पाईप लाईन का सुधार कार्य। | 53,270.00 रूपये (त्रेपन हजार दो सौ सत्तर) मात्र | 1065.00 रू. (एक हजार पेंसठ )मात्र | 1000.00 रू. (एक हजार)मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत। | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 154/तक. 2025-26 दिनांक 09/02/2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-482777_1 | बरगी व्यपवर्तन परियोजना दांयी मुख्य नहर की आर.डी. 46.750 किमी. एवं आर.डी. 44.24 किमी. पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य। | 1,16,009.00 रूपये (एक लाख सोलह हजार नौ) मात्र | 2320.00 रू.(दो हजार तीन सौ बीस)मात्र | 1000.00 रू. (एक हजार)मात्र | | |
| 155/तक. 2025-26 दिनांक 09/02/2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-482785_1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि.के बरगी बांध में वि./यां. कन्टोम से सिविल गेट तक की प्रकाश व्यवस्था हेतु केबल बदलने का कार्य। | 1,35,604.00 रूपये (एक लाख पेंतीस हजार छः सौ चार) मात्र | 2712.00 रू.(दो हजार सात सौ बारह )मात्र | 1000.00 रू. (एक हजार)मात्र | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत। 2. म.प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी "अ" श्रेणी का लाइसेंस। | |
| 156/तक. 2025-26 दिनांक 09/02/2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-482789_1 | बरगी नगर जल प्रदाय व्यवस्था में नंदकेश्वर ट्यूबवेल के अंतर्गत आवास गृह एच-टाईप क्षेत्र में लगी 3" डाया जीआई. पाईप लाईन | 61,451.00 रूपये (इकसठ हजार चार सौ इक्यावन) मात्र | 1229.00 रू.(एक हजार दो सौ उन्तीस)मात्र | 1000.00 रू. (एक हजार)मात्र | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत। | |
| 157/तक. 2025-26 दिनांक 09/02/2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-482795_1 | बरगी नगर के पम्प हाउस नंबर 1, 2, 3, 5, 6 हेतु पम्प ऑपरेटर (कर्मचारी) आउससोर्सिस के माध्यम से उपलब्ध कराने बावत्। | 9,35,244.00 रूपये (नौ लाख पेंतीस हजार दो सौ चौबालीस )मात्र | 18705.00 रू.(अठारह हजार सात सौ पांच )मात्र | 2000.00 रू. (दो हजार)मात्र | | 12 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | **13,01,578.00** | | | | |

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 09/03/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 2. प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 09/03/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 3.निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 11/03/2026, 10:30 से 11/03/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 4. प्राइज बीड खुलने की तिथि : 11/03/2026,10:31 से 11/03/2026 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 5.निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है। 6.निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर)कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./याँ.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर जबलपुर(म.प्र.)

जी-26125/25 बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल